





# दैनिक भारतीय बस्ती



भारतीय बस्ती आमत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 21 शुक्रवार 9 अगस्त 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com


## वक्फ विधेयक जेपीसी को भेजने का निर्णय

नई दिल्ली (आभा)। केंद्र सरकार ने वक्फ बोर्डों को नियंत्रित करने वाले कानून में संशोधन से संबंधित एक विधेयक गुरूवार (08 अगस्त) को लोकसभा में पेश किया था लेकिन सदन में विपक्षी दलों के भारी विरोध को देखते हुए इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजने का फैसला किया है। दूसरी तरफ, सरकार ने राज्यसभा से वक्फ संशोधन विधेयक, 2014 को वापस ले लिया है। पिछले 10 सालों में यानी नरेंद्र मोदी



की सरकार में ऐसा पहली बार हुआ है, जब सदन में कोई बिल पारित होने से अटका हो और उसे जेपीसी में भेजा गया हो।

इससे पहले, केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सदन में 'वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024' पेश किया और विभिन्न दलों की मांग के अनुसार विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के पास भेजने का प्रस्ताव किया। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से अनुरोध किया, ''संयुक्त संसदीय समिति का गठन करें और विधेयक को व्यापक चर्चा के लिए उसके (जेपीसी के) पास भेजें। विधेयक पर चर्चा के लिए अधिक से अधिक हितधारकों को बुलाएं, उनकी राय सुनें। इसे (विधेयक को) समिति को भेजें, और भविष्य में हम उनके (सदस्यों के) सुझावों को खुले दिल से सुनेंगे...।''

इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, ''मैं सभी दलों के नेताओं से बात करके इस संयुक्त संसदीय समिति का गठन करुंगा।''

## डीएलएड परीक्षा के पहले दिन 168 अनुपस्थित

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जनपद के सात परीक्षा केन्द्रों पर गुरुवार से डीएलएड की परीक्षाएं शुरू हुई। पहले दिन डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 168 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह जानकारी देते हुए डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने बताया कि पहले दिन दो पाली में डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा थी जिसमें प्रथम पाली में बाल विकास तथा द्वितीय पाली में शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त विषय की परीक्षा हुई। प्रथम पाली में 1986 के सापेक्ष 82 तथा द्वितीय पाली में 2023 के सापेक्ष 86 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बताया कि राजकीय कन्या इंटर कॉलेज प्रथम पाली में 11 तथा द्वितीय पाली में भी 11, खैर इंडस्ट्रियल इंटर कॉलेज प्रथम पाली में 16 तथा द्वितीय पाली में 13, बेगम खैर इंटर कॉलेज प्रथम पाली में 11 तथा द्वितीय पाली में भी 11, जीआरएस इंटर कॉलेज प्रथम पाली में 11 तथा द्वितीय पाली में 10, श्री कृष्ण पाण्डेय इंटर कॉलेज प्रथम पाली में 9 तथा द्वितीय पाली में भी 9, हंसराज लाल इंटर कॉलेज प्रथम पाली में 12 तथा द्वितीय पाली में 15, शिवहर्ष किसान इंटर कॉलेज प्रथम पाली में 12 और द्वितीय पाली में 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।इस तरह कुल मिलाकर दोनों पालियों में कुल 168 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

बताया कि विभागीय निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र खोलने व परीक्षा समाप्ति के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल सील करने की कार्यवाही केंद्र व्यवस्थापक, पर्यवेक्षकों की निगरानी में की गई। डायट प्राचार्य ने बताया कि शुक्रवार को डीएलएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें विज्ञान, गणित तथा सामाजिक अध्ययन विषय शामिल हैं।

## चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बने मनसाराम

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष मनसाराम निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुने गये हैं। लखनऊ के दारूलशफा कामन हाल में हुये अधिवेशन में सर्व सम्मत से मनसाराम को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। चुनाव अधिकारी यादवेन्द्र मिश्र ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाया।

बस्ती पहुंचने पर गुरूवार को लोहिया काम्पलेक्स में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियो, सदस्यों ने मनसाराम का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मनसाराम ने बताया कि अति



शीघ्र कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारियों की घोषणा की जायेगी। बताया कि उनका लक्ष्य चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारियों की लम्बे समय से चली आ रही मांगों को चरणबद्ध ढंग से पूरा कराना है।

उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मनसाराम का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से पिताम्बर चौधरी, बलराम कन्नौजिया, सोमईराम आजाद, सुनील कमार, शिव कुमार, सुभाष चन्द्र, सन्तोष कुमार, मनोज आर्य, राम प्रकाश, राधेयाम, नियामतुल्लाह, सन्तोष शर्मा आदि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

## विनेश फोगाट को मिल सकता है ओलंपिक मेडल

नई दिल्ली (आभा)। भारतीय महिला रेसलर एथलीट विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया है। पेरिस ओलंपिक 2024 में 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल गोल्ड मेडल मैच से ठीक पहले तय वजन सीमा से 100 ग्राम वजन अधिक होने की वजह से उन्हें



अयोग्य करार दे दिया गया था। विनेश फोगाट ने इस फैसले को लेकर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स में अपील की थी कि उन्हें कम से कम सिल्वर मेडल दिया जाए जिस पर अब सीएसए ने उनकी अपील को स्वीकार कर लिया है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि उन्हें ओलंपिक मेडल मिल सकता है।

## गोकशी रोकने, दोषियों पर कार्रवाई की मांग: विश्व हिन्दू महासंघ ने सौंपा ज्ञापन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

**बस्ती।** गुरूवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में महासंघ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि वाल्टरगंज, नगर थाना क्षेत्रों में गोकशी को तत्काल प्रभाव से रोक कर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाय। यदि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई न हुई तो महासंघ धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन को बाध्य होगा।



ज्ञापन सौंपने के बाद विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने बताया कि वाल्टरगंज, नगर थाना क्षेत्रों के साथ ही जनपद अनेक गांवों में सुनियोजित रूप से गोकशी की घटनायें सामने आ रही हैं। विश्व हिन्दू महासंघ ने समय–समय पर इसका मुद्दा उठाया। एक तरफ जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का लक्ष्य गो–कशी पर शतप्रतिशत नियंत्रण करने का लक्ष्य है, वहीं हिन्दुओं के आस्था के प्रति श्रावण मास में भी जनपद बस्ती में विभिन्न स्थानो पर गो–कशी हो रही है। वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम–वेलहरा, में गो–माता के कटे हुए पैर, खाल, गोमांस तथा अन्य अवशेष गत 6 अगस्त को देखे गये है, नगर थाना क्षेत्र के प्रतापपुर चौराहे के पास भी गो–माता के कटे हुए पैर, खाल, गोमांस तथा अन्य अवशेष 6 अगस्त को ही देखे गये है, इससे स्पष्ट है कि उक्त स्थान पर गो–कशी हुई है।

विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि धार्मिक भावनाओं पर कुठाराघात की नीयत से ऐसी घटनायें सामने आ रही है। इसे हिन्दू समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होने प्रशासन ने मांग किया कि प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर दोषियों को गिरफ्तार करने के साथ ही गोकशी से अर्जित उनकी सम्पत्तियों को भी जप्त कराया जाय।

ज्ञापन सौंपने वालों में अधिवक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश मंत्री कुलदीप मिश्रा बालकृष्ण सिंह 'मंट', चौधरी विजय शंकर शुक्ला, विन्द गोपाल त्रिपाठी, अमरजीत सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, डॉ परशुराम साहनी, विष्णु प्रताप सिंह, अंकित सिंह, राजेश गुप्ता, सतीश पाण्डेय, जगत मोहन सिंह 'बिक्कू', विपिन सिंह, रूपनारायण गौड़, अमरदीप श्रीवास्तव, राहुल सिंह, चंद्रेश पाठक, यमुना प्रसाद, विष्णु प्रताप सिंह, राघवेंद्र विश्वकर्मा, शिव सहाय सिंह के साथ ही विश्व हिन्दू महासंघ के अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

## पूर्व विधायक संजय प्रताप ने सीएमओ पर लगाया मनमानी, सुनियोजित भ्रष्टाचार का आरोप: मुख्यमंत्री से प्रभावी कार्यवाही की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती । रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मुख्य चिकित्साधिकारी, बस्ती द्वारा विभिन्न कार्यों के लिए निकाले गये निविदा, स्वास्थ्य विभाग में नियुक्तियां एवं मनमाने ढंग से कर्मचारियों के प्रमोशन में किये गये व्यापक भ्रष्टाचार एवं अवैध वसूली, जिला चिकित्सालय बस्ती में तैनात आनन्द कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक और विधान सभा क्षेत्र 309 रुधौली के तहसील–भानपुर के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य भानुपर में तैनात अधीक्षक डॉ सचिन चौधरी के द्वारा किये जा रहे अनियमितताओं की जांच कराने के साथ उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने का आग्रह किया है।

भेजे पत्र में पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा है कि जिले के विभिन्न सीएचसी और पीएचसी पर रिवायरिंग के लिए बिना टेण्डर निविदा निकाले ही लगभग 55 लाख का भुगतान मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती द्वारा चहेते फर्म को कर दिया गया है, जो सरकारी धन का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है, जनपद में स्वास्थ्य महकमे में लगभग 183 नियुक्तिया की गयी है. जिसमे सीएमओ द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया, इतना ही नहीं सीएमओ ने ऐसी फर्म को नियुक्ति का टेंडर कर दिया जो पहले से ब्लैक लिस्टेड है। सीएमओ ने नियमों को दरकिनार कर भ्रष्टाचार के बल पर अपने चहेतों का प्रमोशन, कर दिया है। यह भी चर्चा है कि 5 से अधिक कर्मचारियों का प्रमोशन सीएमओ ने मनमानी तरीके से किया है। बस्ती के सी०एम०ओ० आया से अधिक सम्पत्ति अर्जित करके इलाहाबाद में अपना निजी मेडिकल कालेज बनवा रहे है। इनके द्वारा इलाहाबाद से दो लड़को को बुलाकर डूडा के माध्यम से संविदा पर नियुक्ति कराकर उनको ब्लक में हस्ताक्षर करके नोटिस का बंडल दे रखा उन लोगों को सुबह ही सरकार विभाग के वाहन से अवैध वसूली के लिए निकल जाते है।

पत्र में कहा गया है कि सी०एम०ओ० बस्ती द्वारा अल्ट्रासाउंड, और एक्सरे सेंटर वाले से नवीकरण के नाम पर एक लाख रूपये तक की अवैध वसली करायी जा रही है। अथवा कागजों में फर्मासिस्ट और एल०टी० का तबादला धन उगाही के लिए कर दिया गया, फिर उन लोगों से मोटा लिफाफा लेकर यथावत वहीं तैनात कर दिया गया है। इनके द्वारा अपने कार्यालय एवं आवास पर भ्रष्टाचार की दुकान खोल रखी है। उनका अपने अधीनस्थ सी०एच०सी०, पी०एच०सी० के अधीक्षक एवं कार्यरत डाक्टरों पर कोई नियंत्रण नहीं है। वहां पर तैनात डाक्टरों द्वारा भी मरीजों का उत्पीड़न किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री को भेजे दूसरे पत्र में पूर्व विधायक ने कहा है कि



### -वरिष्ठ सहायक आनन्द कुमार सिंह, डा. सचिन चौधरी के गतिविधियों की जांच कराये सरकार

आनन्द कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक, जो वर्तमान में प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जनपद बस्ती के अधीन कार्यरत हैं, के द्वारा जनपद गोरखपुर के ठेकेदार एवं अपने भाई तथा रिश्तेदारों के साथ मिल कर चिकित्सालय में भोजन, स्टेशनरी, फर्नीचर का क्रय एवं मरम्मत मनमानी तरीके से निविदा करा कर, जेम पोर्टल से कूटनीतिक आदेश जारी कर एवं स्थानीय क्रय जो कि गोरखपुर से किया जा रहा हैं जो कि उनके सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार है जबकि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं, कि कार्यालय में जो भी कार्य कराया जायें सर्वप्रथम जेम पोर्टल के माध्यम से ही कराया जायें। जेम पोर्टल पर उपलब्ध न होने की दशा में ही सामान्य आदेश अथवा कोटेशन के माध्यम से ही कराया जायें। सरकार द्वारा जारी शासनादेशों को ताख पर रखते हुये आनन्द कुमार सिंह, वरिष्ठ सहायक के द्वारा अपने रिश्तेदारों को मनचाहे आदेश निर्गत कर प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय, जनपद बस्ती के मिलीभगत से अवैध तरीके से शासन द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे धन का दुरूपयोग किया जा रहा हैं। जिससे यह भी प्रतीत होता हैं कि इनके द्वारा विशेष रूचि दिया जा रहा हैं एवं इनका आर्थिक लाभ भी हैं।

पूर्व विधायक संजय प्रताप ने मुख्यमंत्री को भेजे तीसरे पत्र में कहा है कि बस्ती के विधान सभा क्षेत्र 309 रुधौली के तहसील–भानपुर के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य भानुपर में तैनात अधीक्षक डा. सचिन चौधरी कई सालों से तैनात है इनके द्वारा मरीजों से अभद्र भाषा और दुर्व्यवहार किया जाता है। अस्पताल गेट सामने सभी दुकानों पर खुद की दवा रखवा कर पर्चे पर वही दवा लिखते एवं बेचवाते हैं । मरीजों के सभी जांच बाहर के फर्जी पैथालोजी पर करवाते है और कमीशन लेते हैं। महिला के गर्भाधान से लेकर प्रसव तक अल्ट्रा साउंड और बच्चे होने के बाद 5 से 6 हजार की दंवा बाहर से लिखकर बाहर से मगवाते है और बक्सीस के नाम पर 3 से 5 हजार पैसे लेते है । अस्पताल में 24 घण्टे बिजली देने के उद्देश्य से लगा जनरेटर भी नही चलता प्रतिदिन का 100 लीटर डीजल का पैसा भी कागज में दिखा कर बेच लिया जाता है। इनके द्वारा अस्पताल के मरम्मत के लिए आया सरकारी धन भी कागज में काम दिखा कर सारा पैसा निकाल लिया जा रहा है। पूर्व में इनका स्थानान्तरण भानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से कहीं दूसरी जगह स्थान्तरित कर दिया गया था परन्तु उच्च अधिकारियों के रहमों–करम द्वारा यहां पुनः यथा स्थान पर कार्यरत रहने दिया गया। उन्होने तीनों प्रकरणों में अनियमिताओं की जांच कराकर इनके ऊपर विभागीय कार्यवाही किये जाने का आग्रह मुख्यमंत्री से किया है।

## जनहित की मांगों को लेकर 12 अगस्त से जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना देंगे सुदामा

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जनहित के विभिन्न मांग पत्रों पर कोई कार्यवाही न होने के चलते 12 अगस्त दिन सोमवार से भाजपा नेता व समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' द्वारा अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा।



चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि वे भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता होने के साथ साथ निरन्तर जनहित समाज हित में काम करने सामाजिक समस्याओं को उच्चाधिकारियों के पटल पर पहुंचा कर लोगों को न्याय दिलाने का काम करते रहे है । बीते कुछ दिनों से जनपद के अधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं के मांग पत्र पर कार्यवाही तो दूर उल्टा उनको ही परेशान कर जनहित में आवाज दबाना चाह रहे हैं। इससे जहां आम जनता के हित में काम नहीं हो पा रहा है वहीं सरकार की भी छवि धूमिल हो रही है और कुछ अधिकारी तो जानबूझकर सरकार की छवि धूमिल करने पर लगे हुए हैं ।

इसी क्रम में बस्ती जनपद के विकास खण्ड हर्रैया में लगातार तीन वर्षों से तैनात खण्ड शिक्षा अधिकारी बड़कऊ बर्मा जो कि शिक्षकों के साथ भेदभाव तो करते ही हैं लोकसभा चुनाव के दौरान परशुराम जयंती के दिन भगवान परशुराम के चित्र को विकृत कर की शिक्षक ग्रुपों में वायरल कर दिया जिसको लेकर कई बार कर्मचारी सेवा नियमावली के विपरीत उनके कृत्य के चलते कठोर कार्यवाही की मांग जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खुद जिला अधिकारी बस्ती से की किन्तु कार्यवाही तो दूर उनके कार्यक्षेत्र तक में बदलाव नहीं किया गया। सूबे के मुख्यमंत्री सहित सूबे के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन प्रेषित किया गया, किन्तु उसे सम्भवतः अग्रेषित न कर रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया और उनकी आवाज दबाने की नियत से उनकी शिक्षिका पत्नी को एक नोटिस देते हुए जुलाई माह का वेतन रोक दिया गया जबकि इनके नोटिस का इनके कार्यकाल में रिसीव करा दिया गया था । जब उनकी शिक्षिका पत्नी के पास वित्तीय चार्ज नहीं है और वो वर्तमान में शासन द्वारा देय शिशु देखभाल अवकाश पर हैं तो ऐसे में विद्यालय में दूध वितरण न होने की जिम्मेदार वो कैसे हैं।

इतना ही नहीं जनपद में प्रस्तावित 84 कोसी परिक्रमा मार्ग के अन्तर्गत आने वाले किसानों के जमीन का मनमाने ढंग से जारी मुवावजा का मामला हो या टोल चोरी करने की नियति से ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों से भारी वाहनों के गुजरने से बदहाल हो रही सडक की सुरक्षा हेतु हाईट वैरियर लगाने की मांग हो अथवा तहसील, ब्लाक, सीएचसी, पीएचसी में व्याप्त अनियमितता की शिकायत हो उसके निस्तारण की जगह अधिकारियों द्वारा प्रार्थना पत्र को ही दबा दिया जा रहा है जबकि पूर्व में तहसील के उप जिलाधिकारी रहे हों या जिले के जिलाधिकारी वे न केवल समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराते थे अपितु कृत कार्यवाही से अवगत भी कराते थे।

मांगों को लेकर हो रही हीलाहवाली के सवालों को लेकर भाजपा नेता सुदामा ने 12 अगस्त से डीएम कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दिया है।

## बस्ती में सक्रिय है दुराचार का आरोप लगाकर निर्दोषों से ठगी करने वालों का गिरोह..!

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जनपद में महिलाओं को रूपया दिलाने का लालच देकर निर्दोष लोगों को दुराचार तक के मामलों में षड़यंत्र पूर्वक फंसाने और दबाव बनाकर धन उगाही कराने का गिरोह सक्रिय है। अनेक लोग ऐसे षड़यंत्रकारियों के चंगुल में फंसकर तबाह और बरबाद हो रहे हैं और उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा से खिलवाड़ किया जा रहा है। गुरूवार को पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र की करमा निवासिनी मिथलेश पत्नी राम गोपाल ने पुलिस अधीक्षक को शपथ पत्र के साथ प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाया है। मिथलेश ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने मामले को गंभीरता से लेते हुये कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

एसपी को दिये शपथ पत्र और प्रार्थना पत्र में मिथलेश ने कहा है कि उसने गत 20 जुलाई 2024 को एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को दिया था जो गलत है। वह 20 जुलाई को अपने निजी काम से बस्ती कचहरी गयी थी वहां पर उससे गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी निवासी दिलीप पाण्डेय मिले और उनके साथ में दो

### -दो महिलाओं ने एसपी से लगाया न्याय की गुहार, दोषियों पर कार्रवाई की मांग




लोग और थे जो अपने को पत्रकार बता रहे थे । कहा कि तुम्हारा कौन सा काम है जो नही हो रहा है। अगर तुम हमारा एक काम कर दो तो हम चलकर आपका सारा काम करवा देंगे तथा तुमको काफी पैसा भी दिलवा देंगे । इसी लालच में आकर उसने जो दिलीप पाण्डेय ने कहा और टाईप कराकर जो प्रार्थना पत्र लाए उस अपना हस्ताक्षर बना दिया। उस प्रार्थना पत्र को उसने पढा नहीं था। बाद में दिलीप पाण्डेय द्वारा बताया गया तब उसने मना कर दिया तो उसे डराने व धमकाने लगे जबकि जो प्रार्थना पत्र दिया गया वह गलत एवं फर्जी है उसके साथ कोई गलत काम नही हुआ है और कोई घटना नहीं घटा है।

पत्र में मिथलेश ने कहा है कि जो नाम लिखा गया है उसे उसने कभी नहीं देखा और न ही पहचानती हूँ। गौर थाना क्षेत्र के ढोढरी निवासी दिलीप पाण्डेय द्वारा जो लिखाया गया जो गलत है उसके द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में जितेन्द्र पाण्डेय व शशिकान्त तथा नन्द किशोर यादव निर्दोष हैं इसमें इन लोगो का कोई गलती नही है यह प्रार्थना पत्र निरस्त किया जाय । उसे कोई कानूनी कार्यवाही व मुकदमा नही करना है।

इसी कड़ी में संगीता पत्नी दिनेश कुमार निवासी ग्राम मदारजोत, थाना–पुरानी बस्ती ने एसपी को दिये प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके गाँव के कुछ लोग समूह के नाम पर कुछ लोगो से तथा उससे आधार कार्ड, फोटो तया सादे कागज पर हस्ताक्षर बस्ती से पत्रकार दिलीप पाण्डेय व उनके दो लोग जा करके पूरा फाइल तैयार कराकर लेकर आये और उन लोगो के नाम से कोर्ट में फर्जी 156 (3) के तहत झूठे अनजान व्यक्तियों पर मुकदमा करवाते है। जिससे बाद में उन व्यक्तियों से मिलकर सुलह समझौता के तहत अच्छा रकम लेते है जिससे हम लोगो को अपमानित होना पड़ता है और बलात्कार जैसा झूठा आरोप लगवाते है। फिर उन लोगों के ऊपर दबाव बनाकर रूपये की वसूली करते है और मोबाइल नम्बर 6391194326 से बार बार धमकी आ रही है कि अगर कही शिकायत करोगी तो तुम्हारी इज्जत लूट लेंगे और तुम्हे जान से मरवा देंगे। ऐसी स्थिति वह काफी परेशान व भयभीत है। समाज में उसके इज्जत की धज्जिया उड़ रही है। उसने आग्रह किया है कि उक्त लोगो से लिया गया आधार कार्ड, फोटो तथा सादे कागज पर हस्ताक्षर वापस दिलाने तथा उपरोक्त लोगो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कराया जाय।

बहरहाल फर्जी मुकदमों में फंसवाकर लोगों से धन उगाही करने वालों का सच प्रार्थना पत्र से सामने आ गया है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि पुलिस ऐसे तत्वों पर अंकुश लगाने की दिशा में क्या पहल करती है।

## अगौना में आचार्य शुक्ल की प्रतिमा के सामने से शौचालय हटवाने की मांग

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

बस्ती। जिला एकीकरण समिति के सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन उपाध्याय ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि बहादुरपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत अगौना में स्थित आचार्य राम चन्द्र शुक्ल पुस्तकालय एवं शोध भवन में उनकी प्रतिमा के निकट से शौचालय को हटवाया जाय। इसके साथ ही प्रतिमा स्थल तक जाने वाली सड़क का निर्माण कराया जाय।






### –अपने ही घर में उपेक्षित हैं हिन्दी आलोचना के शिखर आचार्य शुक्ल–अर्जुन उपाध्याय

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन उपाध्याय ने कहा है कि हिन्दी साहित्य के समालोचना विद्या के शिकार आचार्य रामचन्द्र शुक्ल अपने जन्म स्थान अगौना में ही उपेक्षा के शिखर है। तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वर्ष 2001 में आचार्य राम चन्द्र शुक्ल पुस्तकालय एवं शोध भवन का शिलान्यास किया था। तत्कालीन मण्डलायुक्त विनोद शंकर चौबे ने अगौना के विकास और आचार्य राम चन्द्र शुक्ल की स्मृतियों को सहेजने की दिशा में अनेक कार्य किया। दुर्भाग्य से कुछ लोग आचार्य शुक्ल के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं। आचार्य राम चन्द्र शुक्ल पुस्तकालय एवं शोध भवन में उनकी प्रतिमा के निकट शौचालय बनवा दिया गया। इसे लेकर ग्रामीणों और साहित्यकारों, प्रबुद्ध वर्ग में रोष है। शौचालय का दरवाजा श्री शुक्ल की प्रतिमा के सामने से खुलता है। उन्होने मांग किया है कि तत्काल प्रभाव से आचार्य राम चन्द्र शुक्ल पुस्तकालय एवं शोध भवन में स्थित श्री शुक्ल की प्रतिमा के सामने से शौचालय को अन्यत्र हटवाया जाय। कहा कि आजादी के अमृत काल में आचार्य शुक्ल जैसे विद्वान की प्रतिमा का अपमान अपने ही घर में दुर्भाग्यपूर्ण और चिन्ताजनक है।

*''मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता''–वेडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 9 अगस्त 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

# विनेश फोगाटः अलविदा कुश्ती

पेरिस ओलंपिक में फाइनल में पहुंचकर भी मेडल से वंचित होने से हताश विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया है। विनेश ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, मां, कुश्ती जीत गई, मैं हार गई। इस पर ओलंपियन मेडलिस्ट साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने उनकी हौसला अफजाई करते हुए लिखा, आप भारत की बेटी के साथ–साथ भारत का अभिमान भी हो। पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट के वजन बढ़ने के मामले को लेकर कल दिनभर चले घटनाक्रम के बाद मेडल से वंचित विनेश फोगाट ने कुश्ती को अलविदा कह दिया है। उन्होंने गुरूवार सुबह अपनी मां प्रेमलता को संबोधित करते हुए एक्स पर लिखा, 'मां कुश्ती मेरे से जीत गई, मैं हार गई'। माफ करना आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके हैं। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001–2024 आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी। माफी। माँ कुश्ती मेरे से जीत गई मैं हार गई माफ करना आपका सपना मेरी हिम्मत सब टूट चुके इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब।


जीवटता की धनी महिला पहलवान विनेश फोगाट ने पचास किलो वर्ग स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश करके करोड़ों भारतीयों का दिल जीत लिया था। देश उनसे सोने के पदक की उम्मीद कर रहा था। लेकिन करोड़ों भारतीयों की उम्मीदों पर उस समय वज्रपात हो गया जब पेरिस ओलंपिक में महज सौ ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण उन्हें अयोग्य करार दे दिया गया। विनेश अब इस ओलंपिक में कोई पदक नहीं जीत सकेंगी। निस्संदेह, जब विनेश इतिहास रचने जा रही थीं, उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। लेकिन फिर भी आज देश उनके साथ खड़ा है। खेल प्रेमी सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं। निश्चय ही यह एक दिल तोड़ने वाली घटना है। कहा जा रहा है कि भारत को ओलंपिक संघ से कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। जाहिर है यह फाइनल स्पर्धा थी। भारत सोने के पदक की आस लगा रहा था। इस फैसले को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दरअसल, भारतीय दल ने विनेश के वजन को 50 किलो तक लाने के लिये थोड़ा समय मांगा था। लेकिन तय वजन से अधिक भार होने के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया। असल में, रेसलिंग इवेंट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को अलग–अलग भार वर्ग में वर्गीकृत किया जाता है। रेसलिंग व बॉक्सिंग जैसे खेलों में यह नियम है। ताकि सभी खिलाड़ियों के लिये निष्पक्ष अघ्वसर तय किये जा सकें। यही वजह है कि खिलाड़ी जिस भार वर्ग का चयन करता है, उसे उसी वर्ग में खेलने की इजाजत मिलती है। इसमें किसी तरह की ढील नहीं मिलती। हर स्पर्धा से पहले चिकित्सा जांच व वजन किया जाता है। साथ ही खिलाड़ी के वजन की प्रक्रिया में असफल होने पर उसे प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाता है। फिर पहली प्रतियोगिता में हारे खिलाड़ी को खेलने का मौका दिया जाता है। विनेश के मामले में भी आईओसी ने ऐसा ही फैसला लिया है। लेकिन भारतीयों के लिये यह फैसला असहनीय है।

निस्संदेह, हर भारतीय के लिये यह फैसला कष्टदायक है। वे फाइनल से पहले विनेश को अयोग्य करार दिये जाने की घटना पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं। कतिपय लोग इसे पश्चिमी देशों द्वारा विकासशील देशों के खिलाड़ियों के साथ भेदभाव मानते हैं। उनका मानना है कि भारत सरकार को इस मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ को भी इससे निबटने के लिये हर संभव प्रयास करने चाहिए। देश के तमाम बड़े खिलाड़ी और राजनेता विनेश का हौसला बढ़ाने में लगे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि विनेश आप भारत का गौरव हैं और हर एक भारतीय की प्रेरणा हैं। आप में लड़ने की क्षमता है। आप सबल होकर लौटें, सारा देश आपके साथ खड़ा है। निस्संदेह, सारे देश की ऐसी ही सोच है। भले ही पेरिस ओलंपिक में उनके हाथ निराशा लगी हो, लेकिन उनके सामने तमाम स्वर्णिम अवसर विद्यमान हैं। बेशक, फाइनल में खेलने के लिये वह अयोग्य करार दे दी गई हों, लेकिन वे आगे मेहनत से और मेडल लाएगी। विनेश की जीत प्रशंसनीय थी और उन्होंने भरसक प्रतिबद्धता भी दिखायी। उन्होंने पहले के राउंड ही नहीं जीते बल्कि देश के लोगों का दिल भी जीता। लेकिन यह बात तो जरूर है कि उन्हें उनकी मेहनत का वह फल नहीं मिला, जिसकी वह हकदार थीं। लेकिन एक बात तो तय है कि विनेश और भारतीय खेल दल के कर्ता–धर्ताओं के स्तर पर भी लापरवाही तो हुई है। वजन की निगरानी बेहद सावधानी से होनी चाहिए। लड़कों के मामले में वजन घटाना आसान होता है। लेकिन लड़कियों के स्तर पर यह कठिन होता है क्योंकि उन्हें पसीना कम आता है। हालांकि, विनेश ने वजन घटाने के लिये कठिन प्रयास किये थे। खान–पान बेहद नियंत्रित किया था। लेकिन कहीं न कहीं कोई खामी तो रह ही गई। बहरहाल इसके बाद भी विनेश जहां तक गई, वो किसी मेडल जीतने से कम नहीं है। वैसे इस मामले में राजनीतिक बयानबाजी करना गलत ही है। साथ ही इस घटना का एक सबक यह भी है कि हमें वैश्विक स्पर्धाओं के नियमों को गंभीरता से लेना चाहिए।

# क्रान्तिवीरों की शौर्य गाथा–काकोरी ट्रेन एक्शन



–डा0 राजेश कुमार शर्मा–




भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है – काकोरी ट्रेन एक्शन। यह भारत के वीर क्रांतिकारियों द्वारा अंग्रेजों को सबक सिखाने से जुड़ी एक घटना है। आज हम इस घटना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में इसे ''काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव'' के रूप में मना रहे है। यह घटना देश के लिए सबकुछ बलिदान कर देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्यगाथा है। 1922 में चौरी–चौरा काण्ड के कारण जब भारत में चल रहे असहयोग आन्दोलन को महात्मा गॉधी ने अचानक वापस लेने का निर्णय लिया तो अधिकांश भारतीय नवयुवक स्वयं को ठगा महसूस करने लगे और अहिंसक आन्दोलन की विचारधारा से उनका विश्वास डगमगाने लगा। इस प्रकार भारत में क्रान्तिकारी राष्ट्रवाद का एक दूसरा दौर प्रारंभ हुआ जो समाजवादी विचारधारा से काफी हद तक प्रभावित था।

असहयोग आन्दोलन की समाप्ति से उपजे निराशा में औपनिवेशिक सत्ता को उखाड़ फेंकने और एक संघीय गणतंत्र 'संयुक्त राज्य भारत' की स्थापना के उद्देश्य से असन्तुष्ट क्रान्तिकारी नवयुवकों ने रामप्रसाद बिस्मिल, योगेश चटर्जी और शचीन्द्र नाथ सान्याल के नेतृत्व में संगठित होकर अक्टूबर 1924 ई0 में कानपुर में 'हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन' अर्थात H.R.A नामक संगठन की घोषणा नींव डाली। वास्तव में इस संगठन के कार्य हेतु, संधर्ष छेड़ने से पहले बडे पैमाने पर प्रचार कार्य करने, नौजवानों को अपने दल में मिलाने व उन्हे प्रशिक्षित करने तथा हथियार जुटाने के लिए सदस्यों को धन या पैसे की जरूरत महसूस हुई। इसलिए हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन ने सरकारी खजाने को लूटने की योजना बनाई।

9 अगस्त 1925 को क्रान्तिकारियों ने लखनऊ जिले के काकोरी रेलवे स्टेशन के पास 8 डाउन सहारनपुर–लखनऊ पैसेन्जर ट्रेन को चेन खिंचकर रोक लिया और इसमें रखा हुआ सरकारी खजाना लूटकर फरार हो गये। यह घटना भारतीय इतिहास में 'काकोरी ट्रेन एक्शन' के नाम से विख्यात है। लक्ष्य गार्ड केबिन था जो विभिन्न रेलवे स्टेशनों से एकत्र किये गये पैसे को लखनऊ में जमा करने के लिए ले जा रहा था। इस गतिविधि में मुख्य भूमिका क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, मुरारी शर्मा, बनवारी लाल, शचीन्द्रनाथ बख्शी, केशव चक्रवर्ती, मन्मथलाल गुप्त, मुकुन्दी लाल, चंद्रशेखर आजाद और राजेन्द्र लाहिड़ी की थी।

इन क्रान्तिकारियों के पास पिस्तौलों के अलावा जर्मनी के बने चार माउजर भी थे जिसकी मारक क्षमता अधिक होती थी। लखनऊ से 16 कि0मी0 पहले काकोरी रेलवे स्टेशन पर रूक कर ट्रेन जैसे ही आगे बढ़ी, क्रान्तिकारियों ने चेन खिंचकर उसे रोक लिया और रक्षक के डिब्बे से सरकारी खजाने का बक्सा नीचे गिरा दिया। पहले तो उसे खोलने का प्रयास किया गया लेकिन जब वह नहीं खुला तो अशफाक उल्ला खॉ ने अपना माउजर मन्मथनाथ गुप्त को पकडा दिया और हथौड़ा लेकर बक्सा तोडने में जुट गये। इसी बीच मन्मथनाथ गुप्त ने उत्सुकतावश व जल्दबाजी में माउजर का ट्रैगर दबा दिया जिससे छूटी गोली अहमद अली नामक यात्री को लगी और वही वहीं पर ढ़ेर हो गया। शीध्रतावश चॉदी के सिक्कों व नोटों से भरे चमडे के थैले को चादरों में बॉधकर वहॉ से भागने के चक्कर में एक चादर वही छूट गई। इस ट्रेन डकैती में एक अनुमान के अनुसार करीब चार हजार रूपये लूटे गये थे। इस प्रकार अगले दिन यह समाचार समाचारपत्रों के माध्यम से पूरे देश में फैल गया।

यह घटना ब्रिटिश सरकार की प्रतिष्ठा पर आधात था और सरकार इस घटना से बहुत कुपित हुई। खुफिया प्रमुख खान बहादुर तसद्दुक हुसैन के नेतृत्व में शीध्र ही भारी संख्या में क्रान्तिकारी नवयुवकों को पकडा गया और इस काण्ड में शामिल समस्त आरोपियों पर सरकारी खजाने को लूटने की कोशिश और यात्रियों को जान से मारने की साजिश करने के तहत मुकदमा चलाया गया। अन्ततः जुलाई 1927 में ए0 हैमिल्टन के कोर्ट में इस मामले पर अंतिम फैसला सुनाते हुये दस आरोपियों में से चार– रामप्रसाद बिस्मिल, रौशन सिंह, राजेन्द्र लाहिडी और अशफाकुल्ला खॉ को फॉसी दे दी गई और अन्य चार को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुये अण्डमान भेज दिया गया। चन्द्रशेखर आजाद फरार ही रहे। आइए आज हम सब मिलकर इन रणबांकुरों की शौर्यगाथा और शहादतों को याद करते हुये इनके सपनों को साकार करने की प्रतिज्ञा करें।

'' 'मालिक तेरी रजा रहे और तू ही तू रहे, बाकी न मैं रहूॅ और न मेरी रजा रहे, जब तक की तन में जॉ और रगों में लहू रहे, तेरी ही जिक्रेयार तेरी जूस्तजू रहे।''' (लेखक –प्रोफेसर – इतिहास विभाग राजकीय महाविद्यालय, रूधौली, बस्ती हैं)

# बांग्लादेश के हालात और पड़ोसी देश

– अशोक मधुप–



बांग्लादेश में महीनों से सुलग रही आरक्षण और सरकार विरोधी चिंगारी सोमवार को भीषण आग के रूप में फूटी। 300 लोगों की मौत के बाद सेना भी उग्र भीड़ को संभाल नहीं पाई। नतीजतन करीब डेढ़ दशक से बांग्लादेश की सत्ता पर काबिज प्रधानमंत्री शेख हसीना को जान बचाकर देश से भागना पड़ा है। शेख हसीना भागकर फिलहाल भारत आई हैं। सूत्रों का कहना है कि शेख हसीना लंदन जाने की तैयारी कर रही हैं। शेख हसीना ने इंग्लैंड की सरकार से शरण मांगी है। बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन जारी है। अब प्रदर्शनकारियों ने देश के चीफ ऑफ जस्टिस के घर में घुसकर तोड़–फोड़ की है। प्रदर्शनकारियों ने घर में मौजूद कार, फर्नीचर के साथ घर का सारा समान लूट ले गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने सोमवार को ढाका में इंडिया कल्चर सेंटर पर हमला बोला। साथ ही काली व इस्कॉन समेत देशभर में कम से कम चार मंदिरों में भी तोड़फोड़ की गई है। बांग्लादेश के अल्पसंख्यक डरे और सहमें हैं। वहां क्या हालात बनेंगे? वहां के अल्पसंख्यकों की सुरक्षा कैसे होगी, इस पर भारत को नजर रखनी होगी। ये भी देखना है कि सरकार कैसी बनता है? उसका भारत के प्रति नजरिया कैसा होगा? नई सरकार कहीं इस्लामिक कट्टरवाद को बढ़ावा तो नही देगी। उसका रूख पाकिस्तान और चीन संमर्थक तो नहीं होगा? भारत को अपने देश की सीमा को पूरी तरह बंद रखना होगा, ताकि वहां के हालात से डरे नागरिक अपने भारत में न आ सकें।

1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने की लड़ाई में शामिल क्रांतिकारियों के परिवारों को सरकारी नौकरियों में दिए जा रहे आरक्षण को खत्म करने की मांग के साथ पिछले महीने विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर पहले ही अंतरिम रोक लगा दी थी। ऐसे में सवाल उठता है कि प्रदर्शनकारी आखिर फिर से इतने हिंसक होकर सड़कों पर क्यों उतर आए। असल में हिंसा की यह नई लहर तब शुरू हुई जब प्रदर्शनकारियों ने असहयोग का आह्वान किया। इसमें लोगों से कर या बिजली बिल का भुगतान न करने और रविवार को काम पर न आने का आग्रह किया गया। सोमवार को जब कार्यालय, बैंक और कारखाने खुले, तो प्रदर्शनकारियों ने लोगों को काम पर जाने से रोकना शुरू कर दिया। सेना ने प्रदर्शनकारियों से निपटने के लिए गोलियां चलानी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों ने एक दिन पहले लगाए गए कर्फ्यू की परवाह किए बिना ढाका में प्रधानमंत्री आवास पर धावा बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने ढाका के शाहबाग इलाके में स्थित एक प्रमुख सार्वजनिक अस्पताल बंगबंधु शेख मुजीब मेडिकल यूनिवर्सिटी पर हमला किया है। प्रदर्शनकारियों ने जगह–जगह सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यालयों व वाहनों में भी आग लगा दी।

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण पर रोक के बावजूद प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री शेख हसीना इस्तीफे पर अड़े रहे। 14 जुलाई को बतौर प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा था, स्वतंत्रता सेनानियों के पोते–पोतियों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। इस पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि क्या आरक्षण का लाभ रजाकारों के पोते–पोतियों को मिलेगा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने इस बयान के बाद, 'तुई के, अमी के रजाकार, रजाकार' के नारे लगाने शुरू कर दिए और हिंसा ज्यादा भड़क गई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा गठित रजाकार क्रूर अर्धसैनिक बल था। रजाकारों ने मुक्ति संग्राम में शामिल स्वतंत्रता सेनानियों और आम लोगों के खिलाफ अत्याचार किया। आज भी यह शब्द वहां अपमानजनक माना जाता है। इसका इस्तेमाल देशद्रोहियों और अत्याचारियों के लिए किया जाता है।

बांग्लादेश में उथल–पुथल व तख्तापलट का इतिहास 1975 से शुरू होता है।हसीना के पिता और देश के पहले प्रधानमंत्री शेख मुजीबुर रहमान की उनके परिवार के ज्यादातर सदस्यों की हत्या कर दी गई। जनरल जियाउर रहमान ने सत्ता पर कब्जा किया। 1981 गेस्ट हाउस में घुसकर विद्रोहियों ने जियाउर रहमान की हत्या की। हालांकि, सेना का बड़ा तबका वफादार होने से तख्तापलट नाकाम रहा। 1982 रहमान के उत्तराधिकारी अब्दुस सत्तार को हुसैन मुहम्मद इरशाद के नेतृत्व में सत्ता से बेदखल कर दिया गया। इरशाद राष्ट्रपति बन गए। 2007 सेना प्रमुख ने एक कार्यवाहक सरकार का समर्थन किया, जो 2009 तक सत्ता पर काबिज रही। 2009 अर्धसैनिक बलों का विद्रोह. . में 70 लोगों की हत्या, इनमें से अधिकांश सैन्य अधिकारी थे।2012 सेना ने कहा, शरिया या इस्लामी कानून से प्रेरित तख्तापलट के प्रयास को विफल कर दिया है।

स्पष्टतौर पर बांग्लादेश में सुलग रही हिंसा के केंद्र में आरक्षण है। बांग्लादेश की जनसंख्या17 करोड़ है और देश में लगभग 3.2 करोड़ युवा बेरोजगार हैं।1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में शामिल लोगों के वंशजों को मिल रहे आरक्षण को खत्म करने के लिए छात्र मांग कर रहे हैं। इसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में शामिल रहे लोगों के वंशजों को 30 फीसदी आरक्षण दिया जाता है। 10 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए भी है। अल्पसंख्यकों को धर्म के आधार पर पांच प्रतिशत व विकलांगों को एक फीसदी आरक्षण का प्रावधान है। पिछड़े जिलों में रहने वालों को 10 प्रतिशत आरक्षण मिलता है।बांग्लादेश में बेरोजगारी से परेशान युवक इस आरक्षण का विरोध कर रहे हैं।

बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकार, हसीना के रिश्ते में बहनोई हैं। सेना प्रमुख जनरल वकार वहां सबसे अहम चेहरा बनकर सामने आए हैं। उन्होंने ही शेख हसीना के देश छोड़कर जाने और इस्तीफे का एलान किया। 20 दिसंबर, 1985 को बांग्लादेश की सेना में शामिल हुए जनरल वकार की छवि एक बेहद अनुशासित अधिकारी की रही है। जानकारों का मानना है कि हसीना का बांग्लादेश छोड़कर जाना और वकार का कमान संभालना एक सोचा–समझा निर्णय है। शेख हसीना के देश छोडने के बाद देश के सेना प्रमुख ने कहा है कि वो सभी से बातचीत करके देश में अंतरिम सरकार बनवाएंगे! बांग्लादेश में तख्तापलट से पहले सत्तारूढ़ रही आवामी लीग पार्टी ने आरोप लगाया है कि देशव्यापी हिंसक प्रदर्शन के पीछे बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) का हाथ है। आवामी लीग के मुताबिक आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग दिखाती है कि विरोध–प्रदर्शनों के पीछे असल में छात्र नहीं, देश के मुख्य विपक्षी राजनीतिक दल– बीएनपी और प्रतिबंधित संगठन–जमात–ए–इस्लामी की रणनीति है। इनका मकसद किसी भी तरह से देश की सत्ता हासिल करना है।

बांग्लादेश में देशव्यापी आंदोलन के कारण राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। देश के राष्ट्रपति ने कहा है कि संसद भंग कर अंतरिम सरकार बनाई जाएगी। राष्ट्रपति ने विपक्षी नेता खालिदा जिया को रिहा करने का आदेश दिया है। खालिदा जिया विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की प्रमुख हैं और 1991–96 और 2001–06 के दौरान दो बार प्रधानमंत्री रह चुकी हैं। राष्ट्रपति बोले– खालिदा जिया की रिहाई के बाद अंतरिम सरकार का गठन होगा।

बांग्लादेश के प्रदर्शनकारी नेताओं ने सोमवार को छात्रों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद देश में पैदा हुए हालात में किसी को भी लूटने का मौका न मिले। है।

# बरसात में खुलती व्यवस्था का पोल

–ज्ञानेन्द्र रावत–



**तेज बारिश के चलते जलभराव होने से कहीं सड़क धंसने से गड्ढे हो जाते हैं, कहीं सीवर के मैनहोल में स्कूटर समा जाते हैं तो कभी राहगीर। कभी–कभी तो लुटियन जोन में भी घंटों आवाजाही बंद हो जाती है। ऐसे में दुपहिया वाहनों, कारों का गंदगी से भरे पानी में लगे जाम में घंटों फंसे रहना उनकी नियति बन चुकी है। गलियों–सड़कों पर पानी भरकर सड़क धंसने से वाहनों का पानी में डूबना और जमीन में समा जाने जैसे हादसे भी अब आम हैं।जाहिर है यह सब जलभराव से निपटने के सरकारी दावों की नाकामी का सबूत है। वह बात दीगर है कि पीडब्ल्यूडी यह दावा करते नहीं थकती कि जलभराव के चलते जल निकासी हेतु सैकड़ों पंप लगाये जाते हैं लेकिन बारिश के विषम हालात, नालों की सफाई न होने और उनमें गंदगी भरे रहने से जल्दी जल भराव से निजात मिल पाना मुश्किल हो जाता है।**

देश की राजधानी दिल्ली अब रहने की दृष्टि से बेहतर तो नहीं कही जा सकती है। प्रदूषण की मार से तो दिल्लीवासी पहले ही से त्रस्त हैं, साफ हवा में सांस लेने को बरसों से तरस ही रहे हैं। साथ ही सड़कों की बदहाली और पुरानी सीवेज प्रणाली की जर्जर अवस्था के चलते जलभराव की समस्या से उनका जीना दूभर हो गया। जहां तक जन सुविधाओं का सवाल है, तो प्रशासनिक स्तर पर भी दिल्ली की जनता केन्द्र की भाजपा सरकार और दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के बीच सालों से जारी अस्तित्व की लड़ाई में पिस रही है। दोनों स्तरों की सरकारों के बीच अधिकारों को लेकर रस्साकशी में दिल्लीवासियों की परेशानियों का समाधान नहीं हो पा रहा। वे सुकून से जिंदगी बसर नहीं कर पा रहे हैं।

जहां तक सड़कों का सवाल है, पीडब्ल्यूडी द्वारा, सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के मुताबिक, बीते साल जुलाई से नवम्बर के बीच आईआईटी दिल्ली के साथ मिलकर किये सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से हुए ऑडिट में फुटपाथ की स्थिति, संरचना, डिजाइन और सीवेज सिस्टम को लेकर गंभीर सवाल उठाये गये हैं। इसमें गंभीर चिंता व्यक्त की गयी कि राजधानी दिल्ली में करीब 46 फीसदी जोनों में यातायात को सुगमता पूर्वक सुरक्षित चलाने को जो कदम उठाये जाने चाहिए थे, उनका अभाव रहा है। जबकि दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने का दावा लगातार किया जाता है लेकिन हालात इसके उलट गवाही देते हैं।

दिल्ली की सड़कें तो सड़कें, जंक्शन और फुटपाथ भी सुरक्षित नहीं हैं। सड़क सुरक्षा को लेकर उठे सवालों के मद्देनजर 69 फीसदी रोड साइनेज इंडियन रोड कांग्रेस के मानकों पर खरे नहीं उतरते। फुटपाथ भी मानकों के अनुरूप नहीं। इंडियन रोड कांग्रेस के मुताबिक सड़कों की फुटपाथ की चौड़ाई 2.5 मीटर होनी चाहिए ताकि दो व्हील चेयर एक साथ गुजर सकें। लेकिन केवल 25 फीसदी फुटपाथ इन मानकों के अनुरूप हैं जो राहगीरों के लिए उपयुक्त हैं। फुटपाथों की हालत बेहद ही खराब है। कहीं उनकी टाइल्स उखड़ी पड़ी है तो कहीं पूरी तरह ही टूटा पड़ा है। वहां चलना भी मुश्किल है।

पुरानी दिल्ली की बात छोडिघ्ए, रिंग रोड भी बदहाली का शिकार है। रिंगरोड पर जहां सबसे ज्यादा वाहन गुजरते हैं, उस पर मजनूं का टीला, चंदगीराम के अखाड़े के आसपास की सड़कें जर्जर अवस्था में हैं, वे टूटी पड़ी हैं। वहां जेब्रा क्रॉसिंग की मार्किंग भी नहीं है, या नजर नहीं आती है। इससे राहगीरों को सड़क पार करने में परेशानी होती है। हादसों की आशंका सदैव बनी रहती है सो अलग।

पूर्वी दिल्ली की वजीराबाद रोड का हाल भी ऐसा ही है। यहां सबसे ज्यादा व्यस्त रहने वाला लोनी–गोकुलपुरी रोड वाला जंक्शन यानी गोल चक्कर जहां से गाजियाबाद को सड़क जाती है, टूटे होने और जेब्रा क्रॉसिंग न होने के चलते हादसों को न्योता दे रहा है। सबसे ज्यादा खतरनाक हालात आजादपुर चौक, भलस्वा चौक, मुकरबा चौक, बुराड़ी चौक, पंजाबी बाग चौक, गाजीपुर फ्लाई ओवर, मुर्गा मंडी, मुकुंदपुर चौक, मधुबन चौक और रजोकरी फ्लाई ओवर की है जहां सड़क हादसे आम हैं।

अब जरा दिल्ली की जल निकासी पर भी नजर डालें। हालात इस बात की गवाही देते हैं कि दिल्ली का दशकों पुराना ड्रेनेज सिस्टम यहां की जल निकासी की मात्रा की दृष्टि से अब इतना पुराना हो चुका है कि राजधानी दिल्ली की करीब सवा दो करोड़ आबादी का जल तथा गंदे पानी का भार सहने की क्षमता खो चुका है। फिर भी दिल्ली उसी 48 साल पुराने ड्रेनेज सिस्टम पर आश्रित है जब यहां आबादी मात्र 60 लाख के आस–पास होती थी। यही वह कारण है कि जरा–सी बारिश में दिल्ली पानी–पानी हो जाती है और यदि बारिश तगड़ी हो गयी और वह घंटों तक जारी रही, उस हालत में दिल्ली जलभराव से डूब ही जाती है।

यह हालत अब पुरानी दिल्ली की ही नहीं होती, लुटियन जोन नयी दिल्ली भी जलभराव का शिकार हुए बिना नहीं रहती। इन सबके लिए जिम्मेदार पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होना और नालों की समय–समय पर सफाई न होना है। तेज बारिश के चलते जलभराव होने से कहीं सड़क धंसने से गड्ढे हो जाते हैं, कहीं सीवर के मैनहोल में स्कूटर समा जाते हैं तो कभी राहगीर। कभी–कभी तो लुटियन जोन में भी घंटों आवाजाही बंद हो जाती है। ऐसे में दुपहिया वाहनों, कारों का गंदगी से भरे पानी में लगे जाम में घंटों फंसे रहना उनकी नियति बन चुकी है। गलियों–सड़कों पर पानी भरकर सड़क धंसने से वाहनों का पानी में डूबना और जमीन में समा जाने जैसे हादसे भी अब आम हैं।

जाहिर है यह सब जलभराव से निपटने के सरकारी दावों की नाकामी का सबूत है। वह बात दीगर है कि पीडब्ल्यूडी यह दावा करते नहीं थकती कि जलभराव के चलते जल निकासी हेतु सैकड़ों पंप लगाये जाते हैं लेकिन बारिश के विषम हालात, नालों की सफाई न होने और उनमें गंदगी भरे रहने से जल्दी जल भराव से निजात मिल पाना मुश्किल हो जाता है।

कहीं–कहीं तो जलभराव की दशा में हादसों की आशंका के मद्देनजर रास्ते और अंडरपास तक बंद करने पड़ते हैं। ज्यादातर ऐसी हालत से लोगों को आजाद नगर मार्केट ब्रिज, मूलचंद अंडर पास, जखीरा अंडर पास, मिंटो ब्रिज, आईटीओ, गणेश नगर मदर डेयरी, प्रगति मैदान आदि जगहों पर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिससे कभी–कभी कार्यस्थल पर भी समय से पहुंचना उनके लिए मुश्किल हो जाता है। बदहाली की यह स्थिति तो कमोबेश दिल्ली वालों की नियति बन चुकी है। ऐसे में दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी की संज्ञा देना बेमानी है।

# मोहम्मद हनीफ बकौली के प्रधान और गणेश बने लहुरादेवा के बीडीसी सदस्य



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में 6 अगस्त को दो पदों पर हुए मतदान का परिणाम गुरुवार को घोषित हुआ। हैसर ब्लॉक के बकौली कला गांव में हुए उपचुनाव में मोहम्मद हनीफ ने निकटतम प्रत्याशी पूनम गुप्ता को 23 मतों से हराकर जीत दर्ज की। 34 मत अवैध पाए गए। वहीं सेमरियावां ब्लाक के जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा में क्षत्र पंचायत सदस्य के लिए हुए चुनाव में गणेश चौरसिया ने जीत दर्ज की। हैसर ब्लाक के बकौली गांव के प्रधान राजेंद्र प्रसाद गुप्ता के पिता राजदेव गुप्त लेखपाल पद पर आसीन थे। उनकी मृत्यु के बाद प्रधान राजेंद्र गुप्ता को मृतक आश्रित में लेखपाल बना दिया गया। जिसके कारण प्रधान का पद रिक्त हो गया। इसके लिए बीते 6 अगस्त को उपचुनाव का मतदान हुआ। उपचुनाव में दूधनाथ, पूनम, मकसूद व मोहम्मद हनीफ ने चुनाव मैदान में अपनी भाग्य की आजमाइश किया। कुल 2495 मतों में से 1395 मत पड़ा था। गणना में 34 मत अवैध पाए गए।

मतगणना में दूधनाथ को 192, पूनम गुप्ता को 566, मकसूद को 15 तथा मोहम्मद हनीफ को 589 मत मिले। मोहम्मद हनीफ ने निकटतम प्रतिद्वंद्वी पूनम गुप्ता को 23 मतों से पराजित कर जीत दर्ज की। उन्हें नव निर्वाचित प्रधान घोषित किया गया। एसडीएम रमेश चंद्र ने जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

दूसरी ओर सेमरियावां ब्लाक में जगदीशपुर उर्फ लहुरादेवा के बीडीसी पद के लिए हुए चुनाव की गणना हुई। यहां पर तीन प्रत्याशी गणेश चौरसिया, नंदलाल व नीरज पाण्डेय मैदान में थे। यहां पर कुल 675 मत पड़े थे। गणना में 9 मत अवैध हो गए। शेष बचे 666 मतों की गणना में गणेश चौरसिया को 412 मत मिले। निकतम प्रतिद्वंद्वी नीरज पाण्डेय को 231 मत व नंदलाल को 23 मत प्राप्त हुए। गणेश चौरसिया को विजेता घोषित किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार, दो सिपाहियों को भी लगी गोली



**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** बसखारी पुलिस ने प्रतिबंधित पशुओं के वध के आरोपी पशु तस्कर को बीती रात मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसे पैर में गोली लगी है। दो सिपाही भी इसमें घायल हुए हैं। मुठभेड़ बसखारी थाना क्षेत्र के कसदहां गांव के निकट हुई। घेराबंदी के बाद पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो वह पैदल भागने लगा। पुलिस के अनुसार उसने बचाव के लिए फायर करना शुरू कर दिया। इससे दो सिपाही गुलाम गौस और अभिषेक चौरसिया मामूली रूप से घायल हो गए। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो पशु तस्कर आजमगढ़ जनपद के अहिरौला निवासी नसीम उर्फ कल्लू के बाएं पैर में गोली लग गई। इससे उसके गिरते ही पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। तीनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना प्रभारी संतकुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाश के खिलाफ आजमगढ़ और प्रतापगढ़ में कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। इनमे से ज्यादातर पशु वध के हैं।

# विनेश फोगाट के मुद्दे पर डीएम कार्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**संवाददाता–गोरखपुर।** मुख्य संवाददाता ओलंपिक खेल से अयोग्य घोषित की गईं महिला रेसलर विनेश फोगाट के समर्थन में अगले दिन ही कांग्रेस सड़क पर उतर आई। कांग्रेस ने पदक मिलने से पहले ही मुकाबले से बाहर किए जाने को गहरी राजनैतिक साजिश करार दिया। गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने इस पूरे घटनाक्रम की गंभीरता सेजांच कराने की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट गिरीश झा को सौंपा।



पेरिस में चल रहे ओलंपिक में फाइनल कुश्ती से पहले खिलाड़ी विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश को फाइनल से बाहर किया जाना देशभर के खेल प्रेमियों को पसंद नहीं आया। गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष ने जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमेटी जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुई। जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान ने कहा कि विनेश को कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा के ताकतवर नेताओं से टकराना भारी पड़ गया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि फोगाट क्यूबाई खिलाड़ी को हरा कर फाइनल में पहुंचीं। तब तक उसका वजन सही था पर फाइनल से पहले वजन में 100 ग्राम की वृद्धि खुल्लमखुल्ला राजनीति का संकेत दे रहीं है। विनेश फोगाट के मुद्दे पर कांग्रेसियों ने परिसर में प्रदर्शन कर पूरे घटनाक्रम की गंभीरता सेजांच की मांग की।

प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष तौकरी आलम, सत्येंद्र निषाद, एसपी सिंह, आउटरीच प्रदेश महासचिव ओमेंद्र पांडेय, जिला सचिव नगीना सहनी, महेंद्र मिश्रा, गब्बू लाल प्रजापति ,अभया नंदन द्विवेदी, आचार्य शंकर प्रसाद, रामसमुझ सांवरा, जितेंद्र विश्वकर्मा, प्रभात चतुर्वेदी ,अभिनंदन द्विवेदी, पंकज पासवान , आशीष उपाध्याय, अशोक यादव ,संतोष यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मैं एसबीआई कस्टमर सर्विस डिपार्टमेंट से बोल रहा हूं, और ठग लिए 30 लाख रुपये

**संवाददाता–गोरखपुर।** जालसाजों के नए पैंतरे डिजिटल अरेस्ट का शहर में एक और मामला सामने आया है। इस बार जालसाजों ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर रामगढ़ताल इलाके के सिद्धार्थ इंक्लेव निवासी रिटायर्ड स्वास्थ्य कर्मी विज्येंद्र कुमार पांडेय को ठग लिया। उन्हें मनी लांड्रिंग के केस का भय दिखाकर चार दिन डिजिटल अरेस्ट रखा। फिर 30 लाख रुपये झटक लिए। पीड़ित की तहरीर पर साइबर अपराध थाने में बुधवार को केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विज्येंद्र, स्वास्थ्य विभाग में हेल्थ एजुकेटर पद से रिटायर हुए हैं। पुलिस को तहरीर देकर विज्येंद्र ने बताया कि एक जुलाई को सुबह 9रू37 बजे उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा–मैं एसबीआई कस्टमर सर्विस डिपार्टमेंट से बोल रहा हूं। आपके क्रेडिट कार्ड पर एक लाख 96 हजार रुपये बकाया है। मुंबई क्राइम ब्रांच को रिकवरी के लिए भेजा है। क्राइम ब्रांच अधिकारी सोनल राठौर का नंबर भेजा हूं, उसपर बात करके सेंटलमेंट कर लें। इस पर विज्येंद्र ने कहा कि वह न तो मुंबई में रहते हैं, ना ही उनके पास कोई क्रेडिट कार्ड है। इस पर बोला गया कि फिर भी बात कर लें, वरना उनके घर क्राइम ब्रांच की टीम जाएगी। विज्येंद्र ने उस नंबर पर फोन किया तो उन्हें बताया गया कि उनके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल मनी लांड्रिंग में किया गया है। केनरा बैंक अधिकारी सुरेश अनुराग के मनी लांड्रिंग मामले में उनका भी नाम आया है। इसमें ढाई करोड़ रुपये का गोलमाल हुआ है। इस पर विज्येंद्र ने कहा कि वह इस मामले में शामिल नहीं हैं। इसके बाद उन्हें उसी नंबर से वीडियो कॉल किया गया। इसमें एक महिला पुलिस की वर्दी पहनकर बैठी नजर आई, उसके पीछे दीवार पर क्राइम ब्रांच मुंबई का बड़ा लोगो लगा था।

महिला अधिकारी के मांगने पर विज्येंद्र ने व्हाट्सएप पर आधार कार्ड का फोटो भेजा। इसे देखने के बाद महिला अधिकारी ने कहा–आप इस केस में शामिल हैं। आप जांच में मदद करें, वरना आपके घर से क्राइम ब्रांच उठाकर मुंबई लाएगी। कथित महिला अधिकारी ने यह भी कहा कि जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक वह घर से बाहर नहीं निकल सकते। इसपर विज्येंद्र जांच में मदद करने के लिए तैयार हो गए। महिला अधिकारी के कहने पर हर घंटे वीडियो कॉल करके अपना अपडेट देते रहे।

इसी बीच महिला अधिकारी ने उनसे बैंक में जमा रुपये और डिटेल भेजने के लिए कहा। साथ में सुप्रीम कोर्ट लिखा एक लेटर भी भेजा, जिसमें एक बैंक का खाता नंबर रुपये जमा करने के लिए दिया गया। उन्हें बताया गया कि आरबीआई जांच के बाद रुपये वापस भेज देगी।

# एक वोट के अंतर से चुनाव जीत कर सुभौली गांव के प्रधान बने जाकिर




**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त पदों के लिए हुए उपचुनाव के मतों की गणना गुरुवार को संबंधित ब्लॉकों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। सबसे कम एक मतों के अंतर से सुभौली ग्राम पंचायत से जाकिर हुसैन ने चुनाव जीता। करही से सुनीता, चकमझारी से राजकुमार, दुधवनिया बुजुर्ग से सईद आलम ने जीत का सेहरा बांधा। औराताल में हुए बीडीसी के उपचुनाव में कुलसुमजहां ने जीत का परचम लहराया।

मिठवल ब्लॉक के सुभौली ग्राम पंचायत की वोटों की गिनती काफी रोचक रही। सीधे मुकाबले में दोनों प्रत्याशियों की सांसे चुनाव परिणाम आने तक अटकी रहीं। मामला बराबरी का था इससे समर्थकों के दिलों की धड़कनें भी बेकाबू रहीं। पड़े 710 मतों में से जाकिर हुसैन को 352 जबकि आमिना खातून को 351 मत मिले। सात मत अवैध पाए गए। जाकिर हुसैन ने एक मतों के अंतर से बाजी मार ली। आरओ रंजीत कुमार निराला व एआरओ आनंद श्रीवास्तव ने जाकिर हुसैन को विजेता घोषित करते हुए उन्हें जीत का प्रमाणपत्र दिया। मिठवल ब्लॉक के ही करही ग्राम पंचायत में वोटों की गिनती के बाद सुनीता प्रधान चुन ली गईं। 632 मतों की गिनती के बाद उन्हें 375 जबकि उनके प्रतिद्वंदी श्याम बिहारी को 225 वोट मिले। 23 मत अवैध पाए गए। डुमरियागंज ब्लॉक के चकमझारी ग्राम पंचायत में प्रधान के लिए चुनाव के वोटों की गिनती में राजकुमार पाल विजेता रहे। उन्हें 351 व हकीकुल्लाह को 326 वोट मिले। छह मत अवैध रहे। औराताल में बीडीसी पद के तीन उम्मीदवार थे। जिसमें कुलसुमजहां को 189, अब्दुल हन्नान को 169 जहीद अहमद को 133 मत प्राप्त हुए। कुलसुम जहां को विजेता घोषित किया गया। दो मत अवैध रहा।

आरओ प्रकाश बहादुर गौतम व एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित ने नवनिर्वाचित प्रधान व बीडीसी को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। बढ़नी ब्लॉक के दुधवनिया बुजुर्ग में रिक्त प्रधान की सीट पर हुए उपचुनाव में सईद आलम विजई रहे। कुल पड़े 1031 मतों में 1020 मत वैध मिले। 11 मतों को अवैध घोषित किया गया। पूर्व प्रधान स्वर्गीय मकबूल आलम के भाई सईद आलम को 662 वोट मिले जबकि शाकिरा खातून पत्नी नसीम अहमद को 358 वोट मिले। 304 वोटों के अंतर से सईद आलम ने चुनाव जीत लिया। चुनाव परिणाम आने के बाद समर्थकों में जश्न का माहौल रहा। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे।

# महिलाओं ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव, सज धज कर मचाया धमाल



**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** हरियाली तीज का पर्व डुमरियागंज में पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। जय भवानी महिला कल्याण कमेटी के तत्वावधान में नगर के एक मैरिज हॉल में महिलाओं ने नाच–गाकर तीज का पर्व मनाया।

हरियाली तीज महोत्सव में विभिन्न परिधान पहने सजी–संवरी महिलाओं ने सामूहिक गीत, झूला और खेलों के बीच मौज–मस्ती की। इस दौरान कमेटी की अध्यक्ष वीणावादिनी वर्मा ने तीज पर्व की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाली तीज का पर्व महिलाओं के लिए बहुत ही विशेष पर्व माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन माता पार्वती ने अपनी कठोर तपस्या से भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न किया था। वहीं, इस दिन वृक्ष, नदियों और जल के देवता वरुण की भी पूजा की जाती है। हरियाली तीज को छोटी तीज और श्रावण तीज के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन महिलाएं झूला झूलती हैं और हाथों में मेहंदी लगाती हैं। नई पोशाक भी पहनती हैं। उत्सव में फैशन शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सावन नृत्य, कैटवाक, म्यूजिकल चेयर सहित कई खेल खेले गए। कार्यक्रम में किरन अग्रहरि, जूली, नीलिमा अग्रहरि, राधा गुप्ता, इंदू अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ के निरीक्षण में कम मिले बच्चे

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** सीडीओ जयेंद्र कुमार ने बृहस्पतिवार सुबह मिठवल ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम पंचायत साड़ीकला व ग्राम पंचायत जोगिया बुजुर्ग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान छात्र–छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा। विद्यालय में पंजीकृत बच्चों के सापेक्ष उपस्थित कम पाया गया। बच्चों की कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थिति बढ़ाने के लिए ग्राम भ्रमण करने के निर्देश दिया गया। विद्यालय में एमडीएम बनाया गया है। परंतु बुधवार को निर्धारित दूध का वितरण नहीं किया गया। इस संबंध में इंचार्ज प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि निर्धारित तिथि को फल व दूध वितरित किया जाए। बच्चों को ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने के लिए अभिभावकों को जागरूक करें। इसी क्रम में जोगिया बुजुर्ग विद्यालय परिसर में नवनिर्मित आंगनबाडी भवन का निरीक्षण किया गया। बीडीओ को निर्देशित किया कि सभी कार्य पूरा कराकर शीघ्र हस्तांतरित कराना सुनिश्चित करें।

# अगस्त क्रांति दिवस पर संविदा बिजलीकर्मी करेंगे धरना प्रदर्शन

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में विद्युत सुंविदा मजदूर संगठन के तत्वाधान में शुक्रवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर जिले के संविदा बिजली कर्मियों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रर्दशन किया जाएगा। यह जानकारी संगठन के बस्ती जोन के प्रभारी विनोद कुमार श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि 9 अगस्त को हम लोग क्रांति दिवस पर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर सत्याग्रह करेंगे। इस दौरान संविदा कर्मियों का उत्पीड़न, अध्यक्ष पावर कार्पोरेशन के द्वारा स्थानातंरण करके परेशान करने समेत अन्य मांगों को लेकर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जिले के सभी संविदा कर्मियों को शामिल होने की अपील की गई है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी रामेश्वर प्रसाद पुत्र श्री राम सेवक ग्राम– कुसम्ही कुंवर पोस्ट– अठदमा जनपद बस्ती का निवासी है। मेरे पुत्र उज्जवल भट्ट UJJAWAL BHATT के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो गयी है। इसे उज्ज्वल भट्ट UJJWAL BHATT किया जाय।


# लाल किले पर ध्वजारोहण में शिरकत करेंगी अयोध्या की राधा, उच्चतम बैंकिंग लेनदेन का बनाया नया रिकार्ड



**संवाददाता–अयोध्या।** लाल किले पर 15 अगस्त को होने वाले ध्वजारोहण में राम की नगरी की राधा भी शिरकत करेंगी। राधा लक्ष्मी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। राधा ने उत्तर प्रदेश में पिछले तीन वर्ष में उच्चतम बैंकिंग लेनदेन का नया रिकॉर्ड बनाया है। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली में उत्तर प्रदेश से जिन आठ लखपति दीदी को आमंत्रित किया गया है, उसमें अयोध्या की लखपति दीदी राधा लक्ष्मी भी शामिल हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्वजारोहण कार्यक्रम में राधा को भी आमंत्रित किया गया है। लखपति दीदी राधा के जीवन की कहानी भी दिलचस्प है। उड़ीसा के भुवनेश्वर से यूपी के अयोध्या का उनका सफर सपने की तरह नजर आता है। मूल रूप से उड़ीसा की रहने वाली राधा अयोध्या के प्रेम यानी प्रेम प्रकाश उपाध्याय से दिल लगा बैठीं। लव मैरिज करने के बाद यहां मिल्कीपुर आ गईं। यहां आने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा के जन सेवा केंद्र पर आम लोगों की सेवा करते हुए लगभग तीन साल हो गए हैं। इन तीन वर्ष में हर महीने उच्चतम बैंकिंग लेनदेन दो करोड़ रुपये करके यूपी में अव्वल स्थान हासिल किया। अब प्रधानमंत्री मोदी के ध्वजारोहण कार्यक्रम में यूपी की जिन आठ लखपति दीदी को आमंत्रित किया गया है, उसमें अयोध्या के मिल्कीपुर की रहने वाली राधा लक्ष्मी भी शामिल हैं। लखपति दीदी राधा ने अमर उजाला को बताया कि उनके पति उड़ीसा में नौकरी करते थे। इस दौरान उनसे प्रेम हुआ और वर्ष 2008 में उड़ीसा के जगन्नाथ मंदिर में दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया। फिर वे अयोध्या के मिल्कीपुर आ गईं। उनकी पढ़ाई उड़िया भाषा में हुई थी। इसे लेकर यहां पर दिक्कतें आ रही थीं। उनकी इस व्यथा को समझते हुए पति प्रेम प्रकाश ने हिंदी माध्यम में यूपी बोर्ड से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोबारा कराया। इसके बाद वे स्वयं सहायता समूह से जुड़ गईं। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा की बीसी सखी के लिए आवेदन किया। चयन होने के बाद मिल्कीपुर में ही जन सेवा केंद्र खोल दिया। शुरुआत में पांच से छह लाख का टर्नओवर होता था। इसमें उनकी मदद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की जिला मिशन प्रबंधक सरिता वर्मा ने किया। इसके बाद एक महीने में बैंकिंग लेनदेन दो करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इसके बाद उन्हें कई पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जी–20 लखनऊ और जी–20 चेन्नई में भी राधा लक्ष्मी शिरकत कर चुकी हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी उन्हें लखनऊ में सम्मानित कर चुके हैं। इन उपलब्धियों का श्रेय राधा अपने पति प्रेम को देती हैं। उन्होंने बताया कि उनके ससुर का भी उनकी सफलता में हर कदम पर साथ मिला है। मोदी के ध्वजारोहण कार्यक्रम में आमंत्रित होने के बाद राधा ने प्रधानमंत्री का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। उनके ही कार्यकाल में महिलाओं के लिए ऐतिहासिक महिला आरक्षण कानून लागू हुआ। मोदी ने देशभर की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का न सिर्फ सपना संजोया बल्कि उसे साकार करवाने के लिए दिन–रात मेहनत भी कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आज देश की आधी आबादी आर्थिक तरक्की की राह पर आगे बढ़ रही है। पीएम मोदी के इस प्रयास को भारत की नारी कभी भूल नहीं सकती है। राधा के नजदीकी संबंध भाजपा की दिवंगत वरिष्ठ नेत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज से भी हैं। बांसुरी के साथ उन्हें दिल्ली में एक समारोह में सम्मानित भी किया जा चुका है।

# अगर उपचुनाव में पार्टी न जीती तो अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा –हरिओम पांडेय



**संवाददाता–अम्बेडकरनगर।** भाजपा एमएलसी हरिओम पांडेय ने कहा है कि कटेहरी विधानसभा सीट के आगामी उपचुनाव में यदि पार्टी को जीत नहीं मिली तो वह अपने पद से त्यागपत्र दे देंगे। उनका एक इंटरव्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने कहा कि जिले के दौरे पर आए सीएम योगी आदित्यनाथ को उन्होंने भरोसा दिलाया है कि कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में पार्टी को जीत मिलेगी। हरिओम ने कहा कि मैं खिलाड़ी रहा हूं। खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता है। यदि कटेहरी में पार्टी के प्रत्याशी की हार होती है तो यह मेरी भी हार होगी। मैं अब तक कोई चुनाव नहीं हारा हूं। इसलिए कटेहरी में पार्टी हारी तो अपनी जिम्मेदारी समझ इस्तीफा दे दूंगा। कहा कि कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के सहयोग से उपचुनाव जीता जाएगा।

# डवाइडर से टकराई बाइक, एक युवक की मौत

**संवाददाता–गोरखपुर।** पैडलेगंज में बृहस्पतिवार को सुबह 11 बजे एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जमोहना विकास खण्ड-रामनगर, जनपद-बस्ती

### अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **जमोहना** विकासखंड **रामनगर** द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/ 15 वीं वित्त/स्वच्छ भारत मिशन/ SLWM/RGSA योजना अंतर्गत 2024–25 में स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत कराए जाने वाले कार्यों में प्रयोग हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु (इंटरलॉकिग इंट, प्रथम श्रेणी इंट, सीमेंट, सादा बालू, मोरंग, इंट की गिट्टी, पत्थर की गिले, छाड पेट, बोर्ड होम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, सफाई ठेला कुदाल, झाडू, ब्लीचिंग पावडर चूना, कूड़ादान, सेनेटाइजर मशीन, फागिंग मशीन, इंडिया मार्का टू हैड पंप, रिबोर व मरम्मत की सामग्री एवं अन्य सरकारी निर्माण में प्रयुक्त सामग्री आदि) की आवश्यकता है। जिसके हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता द्वारा दिनांक 09–08–2024 से दिनांक 16–08–2024 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा फॉर्म वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में कार्यालय/स्थान ग्राम पंचायत **जमोहना** में रखे गए निविदा बॉक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 17–08–2024 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा दाताओं के समक्ष खोला जाएगा।

**नियम व शर्ते**

1– अधिकृत फर्म अधिकृत डीलर का जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा 3 वर्ष कर आयकर क्लीयरेंस सलग्न करना अनिवार्य है।
2– जो दरें प्रस्तुत की जाए व जीएसटी तथा कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जाए।
3–आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2 फीसदी आयकर टीडीएस देना होगा। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा पीडब्ल्यूडी के समय अनुसार तय दर पर ही भुगतान किया जाएगा।
5– ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान/अवर अभियंता के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं कि जाएगी।
6– धरोहर की धनराशि मु. 5000 (पांच हजार) है।
7– धरोहर की राशि राष्ट्रीय कृत बैंकों एडीआर एन एससी/नगर एवं डाकघर में बचत पत्र जो ग्राम पंचायत **जमोहना** के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
8– निविदा स्वीकृत होने के उपरांत सचिव एवं ग्राम पंचायत द्वारा आदेश देने पर ही सामग्री की आपूर्ति की जाएगी।
9– आदेश देने के 7 दिनों के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10– सामग्री की आपूर्ति स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
11– सामग्री की मात्रा कार्य के अनुसार घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
12– आपूर्ति कर्ता को भुगतान अवर अभियंता (ग्रा.अभि.वि.)/तकनीकी सहायक द्वारा सामग्री की गुढ़वत्ता प्रामाणित होने पर तथा मापन के उपरांत किया जाएगा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
13– निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 50 है, पर ही स्वीकार किया जाएगा ।
14– निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से निधारित मूल्य देकर प्राप्त किया जा सकता है ।
15– निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।
16– निविदा के सबंध में अन्य जानकारी सचिव ग्राम पंचायत से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**महावीर पाण्डेय**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–जमोहना
विकास खण्ड–रामनगर जनपद बस्ती

**दिनेश कुमार**
सचिव
ग्राम पंचायत–जमोहना
विकास खण्ड–रामनगर जनपद बस्ती



**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**
**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**